Rajasthan Patrika (Suppl.: Parivar)

EDII

Januaray 26, 2022
Pg.1

हर बैच में करीब 40 महिला उद्यमियों को मिलेगी ट्रेनिंग

'पत्रिका' की पहल

बिजनेस बड़ा कैसे करें

पत्रिका बिजनेस बूस्टर

राजस्थान पत्रिका

Entrepreneurship Development Institute of India

पत्रिका समूह और एंटप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआइआइ), अहमदाबाद की संयुक्त पहल, महिलाएं को मिलेगी बिजनेस को बढ़ाने से जुड़ी ट्रेनिंग

महिलाओं को उनके बिजनेस को छोटे से बड़े स्तर पर ले जाने के लिए पत्रिका की पहल **बिजनेस बूस्टर** में बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों ने आवेदन किया है।

महिला अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही माध्यमों से आवेदन किया है। छह सप्ताह के ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए महिला उद्यमियों के चयन का काम ईडीआइआइ के एक्सपर्ट्स ने शुरू कर दिया है। चयन का काम जनवरी में पूरा होने के बाद फरवरी से पहले बैच की ट्रेनिंग देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

शुरू हो चुकी है चयन प्रक्रिया

ईडीआइआइ के पॉलिसी एडवोकेसी के प्रभारी और बिजनेस बूस्टर प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित द्विवेदी ने बताया कि बैच बनाने और कोर्स स्ट्रक्चर का काम शुरू हो गया है। हर विषय पर अलग-अलग एक्सपर्ट अपनी बात रखेंगे। हर बैच में करीब 40 महिला उद्यमियों को शामिल किया जाएगा। जिन महिला उद्यमियों ने आवेदन किया है उनके साथ टेलीफोनिक इंटरव्यू किए जा रहे हैं। इस साक्षात्कार में महिला उद्यमियों की जरूरतों को भी नोट किया जा रहा है ताकि हर महिला उद्यमी की जरूरत के अनुसार ट्रेनिंग में मदद की जा सके। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम पूरी तरह से वर्चुअल होगा। इसमें किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वे अपने संस्थान, दुकान या फिर घर से ही इसमें जुड़ सकेंगी।